बुलंदियों को छूता मणिपुर व नागालैंड सेक्टर केरिपुबल इंफाल।

राजभाषा हिंदी के कार्यान्वयन का कार्य मणिपुर व नागालैंड सेक्टर में बुलंदियों पर है जिसके चलते इस सेक्टर ने बल स्तर की वर्ष 2017–18 की सर्वोत्तम सेक्टर राजभाषा रनिंग शील्ड जीत कर महत्वपूर्ण उपलब्धि अर्जित की है।

महानिदेशालय केरिपुबल नई दिल्ली द्वारा राजभाषा हिंदी के कार्यान्वयन संबंधी मामले में बल स्तर पर सर्वोत्तम सेक्टर राजभाषा रनिंग शील्ड प्रतियोगिता 2017–18 आयोजित की गई थी। महानिदेशालय की ओर से सभी सेक्टरों में वर्ष 2017–18 के दौरान राजभाषा के कार्यान्वयन संबंधी किए गए कार्यों के मूल्यांकन हेतु अधिकारियों का एक बोर्ड/मूल्यांकन समिति नियुक्त की गई थी। नियुक्त बोर्ड/मूल्यांकन समिति ने इस सेक्टर सहित सभी सेक्टरों एवं सेक्टर की यूनिटों में राजभाषा के कार्यानवयन संबंधी कार्यो एवं आयोजित गतिविधियों का जायजा लेने के उपरांत महानिदेशक महोदय को अपनी रिपोर्ट प्रस्तुंत की थी। बल स्तर पर आयोजित उक्त प्रतियोतिगता में मणिपुर व नागालैंड सेक्टर इंफाल को दूसरा स्थान प्राप्त हुंआ अर्थात यह सेक्टर उप विजेता घोषित किया गया।

महानिदेशालय के सभागार में दिनांक 14/9/2018 को हिंदी दिवस के अवसर पर एक भव्य समारोह आयोजित किया गया जिससें महानिदेशक महोदय द्वारा श्री राजेश कुमार, भा0पु0से0, पुलिस महानिरीक्षक मणिपुर व ना0 सेक्टर को बतौर उप विजेता सेक्टर की राजभाषा रनिंग शील्ड तथा सराहना प्रशस्ति पत्र प्रदान किया। महानिदेशक महोदय ने सेक्टर में राजभषा के कार्यान्वयन में किए जा रहे उत्कृष्ट कार्य की बहुत सराहना भी की तथा उन्हें इसके लिए बधाई भी दी। सेक्टर में राजभाषा के उत्कृष्ठ कार्यान्वयन में महत्वपूर्ण योगदान देने के लिए महानिदशक महोदय ने सूबेदार मेजर/हिंदी अनुवादक कृष्ण कुमार को प्रशस्ति पत्र भी प्रदान किया।

महानिदेशक महोदय से सेक्टर राजभाषा रनिंग शील्ड 2017–18प्राप्त करते हुए श्री राजेश कुमार, भा0पु0से0, पुलिस महानिरीक्षक मणिपुर व नागालैंड सेक्टर केरिपुबल इंफाल।

सेक्टर में राजभाषा हिंदी के उत्कृष्ठ कार्यान्वयन के लिए महानिदेशक महोदय से सराहना प्रशस्ति पत्र प्राप्त करते हुए श्री राजेश कुमार, भा0पु0से0, पुलिस महानिरीक्षक मणिपुर व नागालैंड सेक्टर इंफाल।

सेक्टर में राजभाषा हिंदी के उत्कृष्ठ कार्यान्वयन के लिए महत्वपूर्ण योगदान देने के लिए महानिदेशक महोदय से सराहना प्रशस्ति पत्र प्राप्त करते हुए सूबेदार मेजर/हिंदी अनुवादक कृष्ण कुमार, मणिपुर व नागालैंड सेक्टर इंफाल।

हिंदी दिवस के उपलक्ष्य में दिनांक : 14/9/2018 को महानिदेशालय में आयोजित भव्य समारोह में राजभाषा हिंदी के उत्कृष्ठ कार्यान्वयन के लिए अपना महत्वपूर्ण योगदान देने के लिए महानिदेशक महोदय से सराहना प्रशस्ति पत्र प्राप्त करने के उपरांत हाथ–मिलाते हुए सूबेदार मेजर/हिंदी अनुवादक कृष्ण कुमार, मणिपुर व नागालैंड सेक्टर इंफाल।